भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1744

(जिसका उत्तर सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक) को दिया जाना है)

भारतीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेश

1744. **श्री बृजमोहन अग्रवाल**:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भारतीय शेयर बाजार में लगातार अपना निवेश बढ़ा रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2023 में तथा जून 2024 से दिसंबर 2024 के बीच उक्त निवेशकों द्वारा कितना निवेश किया गया है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान घरेलू वित्तीय संस्थाओं द्वारा कितनी धनराशि का निवेश किया गया है;

(घ) क्या एफआईआई द्वारा किया गया निवेश देश के शेयर बाजार को अस्थिर बनाने के लिए उत्तरदायी है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार की विशेषकर घरेलू निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): कैलेंडर वर्ष 2023 और जून, 2024 और दिसंबर, 2024 के बीच की अवधि के दौरान इक्विटी में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा किए गए निवल निवेश का विवरण नीचे दिया गया है:

कैलेंडर वर्ष/अवधि	**इक्विटी में एफपीआई द्वारा निवल निवेश (भारतीय करोड़ रुपये)**
2023	1,71,107
जून, 2024 - दिसम्बर, 2024	23,791

स्रोत: एनएसडीएल

(ग): कैलेंडर वर्ष 2023 और जून, 2024 तथा दिसंबर, 2024 के बीच की अवधि के दौरान इक्विटी में घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) और घरेलू वित्तीय संस्थानों (डीएफआई) द्वारा किया गया निवल निवेश नीचे दिया गया है:

कैलेंडर वर्ष/अवधि	**डीआईआई द्वारा निवेश (भारतीय करोड़ रुपये)**	**डीएफआई द्वारा निवेश (भारतीय करोड़ रुपये)**
2023	1,83,278.51	1188.95
जून, 2024 - दिसम्बर, 2024	3,12,988.59	(-)748.84

स्रोत: एनएसई और बीएसई

घ) और (ङ): शेयर बाजार का उतार-चढ़ाव अन्य कारकों के साथ निवेशक अवधारणाओं पर आधारित होता है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, विदेशी पूंजी प्रवाह, घरेलू मैक्रो-इकोनोमिक मापदंडों और समग्र कॉर्पोरेट निष्पादन को प्रभावित करने वाले वैश्विक आर्थिक परिदृश्य शामिल हो सकते हैं। प्रतिभूति बाजारों के सांविधिक विनियामक के रूप में, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को प्रतिभूति बाजारों के विकास और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए विनियामक और निगरानी ढांचे को लागू करने का अधिदेश सौंपा गया है।

****